कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री सुशील कुमार मिश्रा (एडवोकेट), सोमनाथ नगर, गैस गोदाम के पीछे, प्रताप कॉलोनी दौसा (राजस्थान) पिन 303303।

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी दौसा, जिला दौसा।

अपील सं0 32/2020

<u>निर्णय</u> दिनांक : 08.09.2020

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि प्रार्थी द्वारा लोक सूचना अधिकारी, (अति0जिला कलेक्टर) दौसा, जिला दौसा को सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रेषित कर वॉछित सूचना/नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया था। किन्तु प्रार्थी को वॉछित सूचना/नकल प्राप्त नहीं हुई। जिससे पीडित होकर अपीलांट द्वारा यह अपील प्रस्तुत की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, (अति0 जिला कलक्टर) दौसा को प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना एवं संलग्नक की छाया प्रति पत्रांकः डी0एम0 /कोर्ट /आरटीआई/2020/1358 दिनांक 07.08.2020 एवं स्मरण पत्रांकः डी0एम0 /कोर्ट /आरटीआई/2020/1540 दिनांक 27.08.2020 द्वारा प्रेषित कर संबंधित को वॉछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जॉच टिप्पणी मॅगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी, (अति0 जिला कलक्टर) दौसा ने अपने पत्रांक 696 दिनांक 31.08.2020 के द्वारा अवगत करवाया है कि आवेदक द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र उप निदेशक एवं एनालिस्ट कम प्रोग्रामर, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, दौसा को अधिनियम की धारा (3) के अंतर्गत स्थानान्तरित किया गया एवं उप निदेशक एवं एनालिस्ट कम प्रोग्रामर, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, दौसा के पत्रांक 941 दिनांक 07.07.2020 से प्राप्त सूचना इस कार्यालय के पत्रांक 516 दिनांक 09.07.2020 द्वारा आवेदक को दे दी गई। उक्त पत्रों की प्रति पत्रावली में सलग्न है। इससे यह स्पष्ट होता है कि अपीलांट को सूचना के संबंध में अवगत करवा दिया गया है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट चलने योग्य नहीं है। अतः अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय प्रति प्रेषित करें। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भण्डार हो।

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

(पीयुष समारिया)
जिला कलेक्टर, दौसा
जिला कलेक्टर, दौसा